# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण,न्यायाधीश,ज्ञानशिखा टाइम्स,जनसंदेश टाइम्स ,भारत एकता टाइम्स, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 28.01.2025

# छह बीघा की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, न खरीदें ऐसे प्लान

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** विकास प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को वार्ड–शिवपुर, मौजा–बैजल पट्टी व इद्रावर में बिना नक्शा स्वीकृत तीन–तीन बीघा कुल छह बीघा की प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि वे ऐसी प्लाटिंग में प्लाट न खरीदें। तीन बीघा में बैजल पट्टी और तीन बीघा में मौजा–इंद्रावर में तीन बीघा में इस प्रकार कुल 06 बीघा में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। इसको किसने विकसित किया है यह पता नहीं चला। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, प्रवर्तन दल सहित पुलिस बल शामिल रहा।

ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 28.01.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया आयोजन

वाराणसी। 76वें गणतंत्र दिवस के पर्व पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में प्रातः 08ः30 बजे उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक, प्रभात कुमार एवं अधिशासी अभियंता व अन्य समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।

उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सस्वर पाठ किया गया।इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कर्तव्यपरायणता से नियमों का पालन करते हुए आम जन–मानस को अधिक से अधिक अपनी सेवाओं के द्वारा लाभान्वित करने का संकल्प लिया।उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष एवं अन्य वक्ताओं द्वारा अपने विचारों में स्वतंत्रता सेनानियों के निस्वार्थ देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता से सीख लेने एवं उनके अथक प्रयासों के बाद मिली स्वतंत्रता को अपने नैत्यिक एवं दैनिक कार्य एवं व्यवहार में सुचिता एवं कर्तव्यपरायणता से अधिक बलवत्ती एवं प्रभावी बनाकर एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को मूर्त रूप देने हेतु संकल्पित होने पर बल दिया गया।समस्त उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने आस.पास स्वच्छता रखने एवं हरियाली बढ़ाने के पावन कार्य को अपने दैनिक कृत्य में शामिल करने हेतु कहा गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी


राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनसंदेश टाइम्स –दि0 28.01.2025

## वीडीए में राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

वाराणसी। गणतंत्र दिवस पर वीडीए में आयोजित समारोह में सशक्त समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति लोगों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने महापुरूषो और स्वतंत्रता सेंनानियों को नमन करते हुए आमजन को अपनी सेवाओं से अधिक से अधिक लाभाविन्त करने का करने के लिए सपथ लिया। समारोह में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के निस्वार्थ देशभक्ति और कर्तव्य परायणता से सीख लेने और उनके अथक प्रयासों के बाद मिली स्वतंत्रता को अक्षुण बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक, प्रभात कुमार और कर्मचारी उपस्थिति थे।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## भारत एकता टाइम्स –दि0 28.01.2025

### 6 बीघा में हो रही थी अवैध प्लाटिंग, ध्वस्त



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण पर कार्रवाई लगातार जारी है। शिवपुर वार्ड में 6 बीघा में कराए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। वार्ड-शिवपुर, मौजा-बैजल पट्टी के अन्तर्गत अज्ञात प्लॉटिंगकताओं द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराए लगभग 3 बीघा तथा मौजा-इन्द्रावर के अंतर्गत लगभग 3 बीघा में प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर विकास प्राधिकरण की टीम सोमवार को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी से अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया। इससे निर्माणकताओं में खलबली मची रही। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने लोगों से अपील की कि बिना नक्शा, ले-आउट स्वीकृत कराए किसी भी तरह का निर्माण कदापि न कराएं, वरना इस तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## न्यायाधीश –दि0 28.01.2025

### वीडीए ने की 02 अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 02 अवैध प्लाटिंग (लगभग 06 बीघा) के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत वार्ड-शिवपुर, मौजा-बैजल पट्टी के अन्तर्गत अज्ञात प्लॉटिंगकर्ताओं द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराए ड्लगभग 03 बीघाड में तथा मौजा- इन्द्रावर के अंतर्गत ड्लगभग 03 बीघाड में इस प्रकार ड्कुल 06 बीघा मेंड अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी, जिसे आज दिनांक 27/01/2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करेअन्यथा की स्थिति मेप्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश –दि0 28.01.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया आयोजन



वाराणसी। 76वें गणतंत्र दिवस के पर्व पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में प्रातः 08:30 बजे उपाध्यक्ष महोदय श्री पुलकित गर्ग, सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक, प्रभात कुमार एवं अधिशासी अभियंता व अन्य समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सस्वर पाठ किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महापुरुषो एवं स्वतंत्रता सेनानियो को नमन करते हुए कर्तव्यपरायणता से नियमों का पालन करते हुए आम जन-मानस को अधिक से अधिक अपनी सेवाओं के द्वारा लाभान्वित करने का संकल्प लिया। उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष महोदय एवं अन्य वक्ताओं द्वारा अपने विचारों में स्वतंत्रता सेनानियों के निस्वार्थ देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता से सीख लेने एवं उनके अथक प्रयासों के बाद मिली स्वतंत्रता को अपने नैत्यिक एवं दैनिक कार्य एवं व्यवहार मे सुचिता एवं कर्तव्यपरायणता से अधिक बलवती एवं प्रभावी बनाकर एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को मूर्त रूप देने हेतु संकल्पित होने पर बल दिया गया।